प्रकाशनार्थ

13 जून 2025 गोरखपुर

कोटक म्यूचुअल फंड एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेन्टर के संयुक्त तत्वधान में अग्रसेन चौक बैंक रोड गोरखपुर में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में वृहद रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है।

14 जून को प्रतिवर्ष विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन स्वैच्छिक और अवैतनिक रक्तदाताओं को समर्पित होता है जो अपने  रक्तदान के माध्यम से अनगिनत जीवन बचाते हैं। यह न केवल आभार व्यक्त करने का अवसर है। बल्कि सुरक्षित और नियमित रक्तदान के निरंतर आवाजकता को उजागर करने का भी समय है।

विश्व रक्तदाता दिवस का उद्देश्य रागियों और दाताओं दोनों पर रक्तदान के महत्वपूर्ण प्रभाव का सम्मान करती है।

ब्रांच मैनेजर श्री वेद प्रकाश दुबे ने बताया कि  आज का रक्तदान शिविर पूरे भारत में कोटक म्यूचुअल फंड के द्वारा  आयोजित किया गया है । इस रक्तदान शिविर में उन्होंने स्वयं भी रक्तदान किया।

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ अवधेश अग्रवाल  सभी रक्तदाताओं को हृदय से धन्यवाद देते हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से स्वयं का शरीर भी स्वस्थ रहता है और कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है

आज के इस रक्तदान शिविर में श्री वेद प्रकाश दुबे, राहुल, अमित , रोहित ,राजन ,गौरव ,वैभव ,शिवम् सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया।

इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने में ब्लड सेन्टर अधिकारी, टेक्नीशियन एवं अन्य कर्मचारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।